प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

विधायक बैठक

प्रदेश के वर्ष 2025–2026 के वार्षिक बजट में विधायक प्राथमिकताओं के निर्धारण के लिए दो दिवसीय बैठकें शिमला में जारी है। ये बैठकें मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हो रही हैं। आज दूसरे दिन शिमला, मंडी, ऊना, हमीरपुर और सिरमौर ज़िले के विधायकों के साथ बैठक आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल कांगड़ा, कुल्लू और किन्नौर जिलों के विधायकों की प्राथमिकता बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान नाबार्ड से 903 करोड़ 21 लाख रुपये की एक सौ 27 परियोजनाएं स्वीकृत करवाई जा चुकी हैं। दूसरे सत्र के दौरान सोलन, चंबा, बिलासपुर और लाहौल स्पीति जिलों के विधायकों ने भी अपनी प्राथमिकताएं प्रस्तुत कीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सभी विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्य कर रही है और सभी प्राथमिकताओं को पुनः अधिमान दिया गया है व बिना किसी भेदभाव के नाबार्ड को संस्तुति दी गई है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को विधायक प्राथमिकता की डीपीआर तैयार करते समय फोरेस्ट क्लीयरेंस व गिफ्ट डीड की औपचारिकताओं को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए।

जयराम ठाकुर

इस बीच भाजपा विधायक दल ने इस बार विधायक प्राथमिकता की बैठकों का बहिष्कार किया है। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री पहले अपने दो साल के कार्यकाल का ब्यौरा दें। उन्होंने अधिकारियों पर झूठे आंकड़े प्रस्तुत करने का भी आरोप लगाया।

अश्विनी वैष्णव

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि केंद्र सरकार ने वित वर्ष 2025– 26 में रेलवे के लिए 2 सौ 52 हजार करोड़ का बजट रखा है जिसमें हिमाचल के लिए 2 हजार 7 सौ 16 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के चार स्टेशनों को अमृत स्टेशन अभियान के तहत अमृत स्टेशन बनाया जाएगा। अश्वनी वैष्णव ने बताया कि इस वित वर्ष में पूरे देश में 2 सौ 30 स्टेशनों को अमृत स्टेशन बनाया जाएगा और एक सौ 16 हजार करोड़ रेलवे सुरक्षा के लिए खर्च किए जाएंगे।

पंजीकरण

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य में प्राकृतिक खेती में किसानों के पंजीकरण के लिए कल शिमला में सरल फार्म लांच किया। किसान ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से ये फार्म भर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इच्छुक किसान अब इस फार्म को भरकर आसानी से प्राकृतिक खेती से जुड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह फार्म प्रदेश की सभी पंचायतों में किसानों को वितरित किए जाएंगे। इससे राज्य में वर्ष 2025–26 में प्राकृतिक खेती को और अधिक बढ़ावा मिलेगा।

धरना प्रदर्शन

हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय घंडल से निकाले गए दैनिक भोगी कर्मचारियों ने सीटू के बैनर तले एक बार फिर उपायुक्त कार्यालय शिमला के बाहर धरना प्रदर्शन किया। इनका आरोप है कि कर्मचारियों को गैरकानूनी तरीके से बगैर नोटिस के निकाला गया है। सीटू जिला शिमला के अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने कहा कि इस विश्वविद्यालय में 64 कर्मियों को नौकरी से बाहर निकाला गया है। सीटू ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी नौकरी को बहाल नहीं किया जाता है तो पूरे प्रदेश में आंदोलन किया जाृएगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज बादल छाए हुए हैं। हालांकि जनजातीय जिला किन्नौर की ऊंची चोटियों पर सुबह से ही हल्की बर्फबारी हो रही है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान प्रदेश की ऊंची चोटियों पर हिमपात जबकि कहीं–कहीं वर्षा की संभावना के साथ शीतलहर चलने और मैदानी इलाकों में घने कोहरे की भी चेतावनी दी है।